भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3497

सोमवार, 15 जुलाई, 2019/24 आषाढ़, 1941 (शक)

ईएसआई अस्पतालों में स्टाफ की कमी

3497. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र के कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्पतालों में स्टॉफ की कमी है जिसके कारण कर्मचारी ईएसआईसी की अस्पताल-सेवाओं में गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के मद्देनज़र ईएसआईसी अस्पतालों में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख): महाराष्ट्र क्षेत्र के कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्पतालों में स्टाफ की कमी है। महाराष्ट्र क्षेत्र में ईएसआईसी अस्पतालों की रिक्ति की स्थिति का विवरण निम्नानुसार हैं:-

संवर्ग	स्वीकृत संख्या	कार्यरत	रिक्त	स्थिति के अनुसार
विशेषज्ञ	36**	11***	36	30.06.2019
जीडीएमओ*	163	83	80	10.07.2019
नर्सिंग	409	156	253	31.03.2019
पराचिकित्सीय	639	238	401	31.03.2019

*जीडीएमओ: सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी

** नए जोड़े गए अस्पतालों की स्वीकृत संख्या

*** नए जोड़े गए अस्पतालों में अंशकालिक विशेषज्ञ

जारी....2/-

(ग) और (घ): समय-समय पर ईएसआई निगम ईएसआई अस्पतालों द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न चिकित्सा सेवाओं की दशाओं का निर्धारण करने के लिए निरीक्षण करता है। विभिन्न तरीकों से संबंधित विवरण जिसके माध्यम से ऐसे मूल्यांकन किए जाते हैं, निम्नानुसार हैं:

(i) स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा/सिफारिश करने के लिए ईएसआई संस्थानों का ईएसआई निगम के सदस्यों द्वारा क्षेत्र दौरा।

(ii) दौरे किए गए विभिन्न राज्यों के संबंधित क्षेत्रीय निदेशक/ राज्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ईएसआई अस्पताल की निरीक्षण रिपोर्ट ईएसआईसी मुख्यालय के कार्यालय को प्रस्तुत करना।

(iii) विभिन्न अस्पतालों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की स्थिति पर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा ईएसआईसी मुख्यालय के कार्यालय को अर्द्धशासकीय पत्र को नियमित रूप से प्रस्तुत करना।

(घ) से (च): कमी को पूरा करने के लिए ईएसआई निगम द्वारा उठाए गए कदम:

(i) ईएसआईसी ने महाराष्ट्र क्षेत्र के पराचिकित्सीय और नर्सिंग संवर्ग की 159 रिक्तियों को भरने के लिए दिसंबर, 2018 में विज्ञापन जारी किया है।

(ii) महाराष्ट्र क्षेत्र के बीमा चिकित्सा अधिकारी ग्रेड-II के लगभग 80 पदों को भरने के लिए नवंबर, 2018 में विज्ञापन जारी किया गया है।

(iii) महाराष्ट्र क्षेत्र में विशेषज्ञ ग्रेड II (वरिष्ठ स्केल) (सुपर स्पेशलिटी) के 7 पदों को भरने के लिए दिसंबर, 2018 में विज्ञापन जारी किया गया है।

(iv) कमी के कारण होने वाले संकट पर काबू पाने के लिए, क्षेत्र इकाइयों को अनुबंध आधार पर जीडीएमओ की रिक्ति हेतु वरिष्ठ रेसिडेंटों को नियोजित करने का अधिकार दिया गया है।

(v) मामले के आधार पर विशेषज्ञ के संवर्ग में कमी के संकट पर काबू पाने के लिए क्षेत्र इकाइयों को अंशकालिक/पूर्णकालिक विशेषज्ञ नियोजित करने के लिए अनुबंध आधार पर अधिकृत किया गया है।

(vi) क्षेत्र इकाइयों को वास्तविक आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार बहि:स्रोतन (आउटसोर्सिंग) के माध्यम से नर्सिंग और पराचिकित्सीय स्टाफ को नियोजित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

****